# त्रिगुट

देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

गोण्डा शनिवार 14 अक्टूबर 2023 वर्ष 39 अंक 57 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स–05262-230683 डाक पंजीयन संख्या–NP/GONDA-30/2003 पृष्ठ– 8 मूल्य 2.00 रुपये


## सीडीओ ने एक्सईएन से तीन साल के कार्य किए तलब

जालौन। सीडीओ ने अफसरों और भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ नहर और माइनरों का निरीक्षण किया। उन्होंने ने अधिशासी अभियंता से तीन साल के कार्यों का ब्योरा मांगा है। गुरुवार को सीडीओ भीमजी उपाध्याय ने आसपास गांव से निकली नहरों का निरीक्षण किया। सबसे पहले पचोखरा माइनर को देखा। गांव को जाने वाली पुलिया के दोनों ओर कटाव दिखा। उन्होंने सफाइई पिचिंग कार्य कराने के लिए कहा। इसके बाद टिकरिया मुख्य नहर व उससे निकले माइनरों की जर्जर हालत देख नाराजगी जताते हुए सही कराने के लिए कहा। इसके बाद सेवढ़ी नहर व पचोखरा कुरकुरू माइनर का भी निरीक्षण किया। सेवढ़ी के पूर्व प्रधान हरप्रसाद पाल व ग्रामीणों ने बताया कि कई सालों से इनकी सफाई नहीं हुई है। माइनर से फसलों की सिंचाई की जगह ओवरफ्लो और कटान होने से नुकसान ज्यादा होता है। कई बार शिकायत भी की, लेकिन कोई निरीक्षण करने नहीं आया।


नासिरा प्रेस

मालवीयनगर–गोण्डा

मो0–9236750993



हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।

एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।


# अमेठी के युवा खेलें भी, खिलें भी–योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री ने जनपद अमेठी में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये




लखनऊ कार्यालय

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद अमेठी में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये। उन्होंने लगभग 700 करोड़ रुपये लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश में खेलों के लिए यह महीना बड़ा शुभ है। हमारे खिलाड़ियों ने एशियन गेम्स में मेडल की संेचुरी लगा दी है। उन्हांने अमेठी सांसद खेल–कूद प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इसी जोश और आत्मविश्वास को हमें सम्भालना है, संवारना है, रोपना है, खाद पानी देना है। बीते 25 दिनों में आपको जो अनुभव मिला है, वो आपके स्पोर्टिंग कैरियर की बहुत बड़ी पूंजी है। एक लाख से ज्यादा खिलाड़ियों का जुटना, वो भी इतने छोटे से एरिया में यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है।

प्रधानमंत्री जी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी की मेहनत आने वाले दिनों में रंग लाएगी। आप में से ही कोई, किसी दिन भारत के तिरंगे के साथ दुनिया में देश का नाम रोशन करेगा। अमेठी के युवा खेलें भी, खिलें भी। इस प्रतियोगिता से आपको जो नई ऊर्जा और आत्मविश्वास मिला है, उसे आप सभी खिलाड़ी महसूस कर रहे होंगे। साथ ही, पूरे क्षेत्र के लोग भी इस ऊर्जा व आत्माविश्वास को महसूस कर रहे होंगे। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए ये बहुत आवश्यक है कि वहां खेलों का विकास हो, वहां खेल और खिलाड़ियों को फलने–फूलने का अवसर मिले। लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करना, हारने के बाद फिर से प्रयास करना, टीम के साथ जुड़कर आगे बढ़ना, व्यक्तित्व विकास की ये सारी भावनाएं खेलों के माध्यम से सहज तरीके से युवाओं में विकसित होती हैं।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिताओं ने समाज और देश के विकास का नया रास्ता तैयार किया है। इन प्रयासों का परिणाम देश को आने वाले वर्षों में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। मुझे विश्वास है कि अमेठी के भी युवा खिलाड़ी आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेडल जरूर जीतेंगे और इसमें इस प्रतियोगिता से मिला अनुभव भी बहुत काम आएगा। जब कोई खिलाड़ी मैदान में उतरता है, तो उसका सिर्फ एक ही लक्ष्य होता है वो कैसे खुद को, अपनी टीम को विजयी बनाए। आज पूरा देश खिलाड़ियों की तरह ही सोच रहा है। खिलाड़ी भी जब खेलते हैं तो राष्ट्र प्रथम की सोच रखते हैं। उस क्षण वो सब कुछ दांव पर लगाकर देश के लिए ही खेलते हैं, इस समय देश भी एक बड़ा लक्ष्य लेकर चल रहा है।

भारत को विकसित बनाने में देश के हर जिले के हर नागरिक की भूमिका है। इसके लिए हर क्षेत्र को एक भाव, एक लक्ष्य और एक संकल्प से आगे बढ़ना पड़ेगा। इसी सोच से हम देश में आप जैसे युवाओं के लिए ज्दै स्कीम और खेलो इंडिया गेम्स जैसी योजनाएं चला रहे हैं। आज सैकड़ों एथलीट्स को ज्दै स्कीम के तहत देश विदेश में ट्रेनिंग और कोचिंग दिलाई जा रही है। इन प्लेयर्स को करोड़ों रुपये की सहायता दी जा रही है। खेलो इंडिया गेम्स के तहत भी 3 हजार से ज्यादा खिलाड़ियों को 50 हजार रुपये महीने की मदद दी जा रही है। इससे वो अपनी ट्रेनिंग, डाइट, कोचिंग, किट, जरूरी इक्विपमेंट्स और अन्य खर्च पूरा कर पा रहे हैं।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि बदलते हुए आज के भारत में छोटे–छोटे शहरों के टैलेंट को खुलकर आगे आने का मौका मिल रहा है। अगर आज स्टार्ट अप्स में भारत का इतना नाम है, तो उसमें छोटे शहरों के स्टार्ट अप्स की बड़ी भूमिका है। बीते वर्षों में आपने देखा होगा कि स्पोर्ट्स की दुनिया में छा जाने वाले बहुत सारे नाम, छोटे शहरों से ही निकलकर आए हैं। ये इसलिए हुआ है क्योंकि आज भारत में पूरी पारदर्शिता से युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि एशियन गेम्स में भी मेडल जीतने वाले एथलीट्स बहुत बड़े बड़े शहरों से नहीं आए हैं। इनमें से बहुत से खिलाड़ी छोटे–छोटे शहरों से ही हैं। उनकी प्रतिभा का सम्मान करते हुए हमने उन्हें हर सम्भव सुविधाएं दी हैं। उसका परिणाम इन एथलीट्स ने दिया है। हमारे उत्तर प्रदेश की सुश्री अन्नू रानी, सुश्री पारुल चौधरी के प्रदर्शन ने पूरे देश को गर्व से भर दिया है। इसी धरती ने देश को सुश्री सुधा सिंह जैसी एथलीट भी दी हैं। हमें ऐसे ही टैलेंट को बाहर निकालकर, उसे निखारकर आगे बढ़ाना है और ये सांसद खेल प्रतियोगिता इसका भी बहुत बड़ा माध्यम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि अमेठी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में 01 लाख 11 हजार खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया है। प्रधानमंत्री जी द्वारा 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम व 'फिट इण्डिया' मूवमेण्ट द्वारा देश के युवाओं से शारीरिक रूप से फिट रहने का आह्वान किया गया है। इन अभियानों के परिणामस्वरूप देश में खेल प्रतियोगिताएं बढ़ी हैं। विगत तीन–चार वर्षों से हर संसदीय क्षेत्र में 'सांसद खेलकूद प्रतियोगिता' का आयोजन हो रहा है। गांव से लेकर न्याय पंचायत स्तर पर, स्कूल से लेकर के कॉलेज स्तर पर और पूरे संसदीय क्षेत्र के एक–एक खिलाड़ी को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के साथ जोड़ा जा रहा है। पहले चरण में सैकड़ों की संख्या में, दूसरे चरण में हजारों की संख्या में और अब अमेठी में 01 लाख 11 हजार खिलाड़ियों ने सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर प्रधानमंत्री जी के 'खेलो इंडिया' को बढ़ावा देने के सपने को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व महिला एथलीट व भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष श्रीमती पी0टी0 ऊषा तथा क्रिकेटर श्री सुरेश रैना का वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह, खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गिरीश चन्द्र यादव, संसदीय कार्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# बच्चों के साथ शिक्षक की भूमिका में नज़र आए मंत्री

## राज्यमंत्री ने अभ्युदय कोचिंग के छात्रों के साथ किया संवाद



त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। ज़िले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र–छात्राओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहा। क्योंकि प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री व पूर्व आईपीएस अधिकारी असीम अरुण उनको बता रहे थे कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी किस तरह बेहतर तरीक़े से की जाए। शुक्रवार को जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने आए समाज कल्याण मंत्री ने एलबीएस डिग्री कालेज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों से सीधा संवाद किया। मंत्री ने बताया कि सरकार समाज के कमजोर व पिछड़े वर्ग के बच्चों का प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिनिधित्व बढ़ने के लिए सभी ज़िलों में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग संचालित कर रही है। जहां आईएएस, पीसीएस के अतिरिक्त इंजीनियरिंग, मेडिकल आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी समाज कल्याण विभाग करवाता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों से समाज कल्याण मंत्री से ये भी जाना कि बेहतर तरीक़े से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे की जाए। इस मौक़े पर कुछ बच्चों ने अभ्युदय कोचिंग में पढ़ाई को लेकर कुछ सुझाव भी दिया जिसे राज्यमंत्री ने लागू करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिया। बच्चों ने ये भी जाना कि कैसे एकाग्रचित्त होकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जाए।







# संक्षिप्त समाचार

## प्रेमिका से मिलने आया युवक, पहुंच गया हवालात

ललितपुर। एक युवक को अपनी विवाहिता प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर में घुसना मंहगा पड़ गया। ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। गांव में इस प्रकरण को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक का अपने घर के बगल की दो बच्चों की मां से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमिका का पति विदेश में रहता है। घर पर प्रेमिका अपने बच्चों के साथ रहती है। दो वर्ष पहले गांव के ही एक युवक के साथ उसकी नजदीकियां बढ़ गई। बुधवार की रात लगभग 10-30 बजे प्रेमी, प्रेमिका से मिलने उसके घर में घुस गया। जिसकी भनक बगल में रहने लोगों को हुई तो उन्होंने उसे पकड़ लिया। साथ ही ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़कर थाने ले गई। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

## एयर कंप्रेसर में धमाके के बाद लगी आग, दो बहनें गंभीर रूप से झुलसी, अस्पताल में भर्ती

कानपुर। इंस्पेक्टर जूही जितेंद्र सिंह ने बताया कि आग पर तत्काल ही काबू पा लिया गया था। दोनों बहनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। कानपुर में टायर में हवा भरने वाले कंप्रेसर में धमाके बाद आग लगने से दो बहनें झुलस गईं। संत रविदासनगर निवासी आलोक वर्मा मार्बल की दुकान में काम करते हैं। उन्होंने घर के बाहर पंचर की दुकान किराये पर दे रखी है। पड़ोसी राहुल यादव ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े चार बजे टायर में हवा भरने वाले कंप्रेसर में धमाका हो गया। इससे कंप्रेसर में आग लग गई। इस हादसे में दिशा तथा छोटी बहन सोनी गंभीर रूप से झुलस गईं। पड़ोसियों ने दोनों को हैलट पहुंचाया, जहां दोनों की हालत स्थिर है। इंस्पेक्टर जूही जितेंद्र सिंह ने बताया कि आग पर तत्काल ही काबू पा लिया गया था। दोनों बहनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## एसडीएम से की पोखरी की नीलामी स्थगित करने की मांग

महाराजगंज। पनियरा ब्लॉक के ग्राम विशुनपुरा के बैरिया टोला के ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से 12 तारीख को होने वाली पोखरी की नीलामी स्थगित करने की मांग की। बृहस्पतिवार को उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों ने कहा कि बैरिया में 64 डिस्मिल की पोखरी है। इसमें गांव का गंदा पानी नाली के रास्ते जाता है। इसमें ग्रामीण अपने पशुओं को नहलाते हैं। यदि इसकी नीलामी होगी तो आए दिन यहां विवाद का डर बना रहेगा। ऐसे में इस पोखरी की नीलाम न की जाए। ज्ञापन देने के दौरान महेंद्र शर्मा, राजेंद्र, कतवारू, रामकेश, अमित, पप्पू चौहान आदि मौजूद रहे।

## मीट बिक्री लाइसेंस के लिए एनओसी दी, प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी पर गिरी गाज

मथुरा। धार्मिक स्थलों पर मीट बिक्री लाइसेंस के लिए एनओसी दिए जाने के मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी योगेंद्र कुमार पर गाज गिरी है। शासन ने उनका स्थानांतरण कर दिया गया है। इस मामले में मुख्य अभियंता पर्यावरण पर भी शासन ने कार्रवाई की है। मथुरा धार्मिक नगरी है। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश सरकार ने भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीलाओं से जुड़े क्षेत्रों को तीर्थ स्थल घोषित किया है। इसमें मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, गोकुल, बलदेव, नंदगांव और बरसाना शामिल है। इन स्थानों पर मांस और मदिरा की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद मथुरा नगर निगम क्षेत्र में मांस की बिक्री को लेकर लंबे समय से लाइसेंस की प्रक्रिया चल रही हैं। विभिन्न विभागों ने इसकी बिक्री के लिए एनओसी भी दी है। इसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी शामिल है। इस मामले में शासन ने मुख्यालय स्तर पर बड़ी कार्रवाई की है। इसकी गाज मथुरा में तैनात प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी पर भी गिरी है। उन्हें मथुरा से हटाते हुए कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। इसके अलावा स्थानीय उद्यमियों द्वारा क्षेत्रीय अधिकारी के व्यवहार संबंधी भी शिकायत की जा रही थी।

## डेंगू के दो और मरीज मिले

ललितपुर। जनपद में डेंगू का दंश थमने का नाम नहीं ले रहा है। जनपद में दो और मरीज निकलने से अब मरीजों की संख्या सरकारी आंकड़ों में 40 पहुंच चुकी है। यह सभी मरीज वही हैं, जिन्होंने सरकारी अस्पतालों में जांच कराई है। निजी पैथालॉजी की रिपोर्ट व आंकड़े स्वास्थ्य विभाग के पास उपलब्ध नहीं हैं। जिले में संचारी रोग रोकथाम माह चल रहा है। इसमें दावा किया जा रहा है कि शहरी व ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह दवा छिड़काव किया जा रहा है। लेकिन सच्चाई इसके विपरीत नजर आ रही है। जनपद में प्रतिदिन मरीज डेंगू के मरीज निकल रहे हैं। शहर की जेल कॉलोनी व बार के करमई में एक मरीज की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आने के बाद सरकारी आंकड़ों में मरीजों की संख्या 40 हो गई है।

## ट्रेनों के ठहराव के लिए होगा जन आंदोलन

ललितपुर। नगर में एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव न होने से लोगों में काफी आक्रोश है। इसे लेकर नगर के कई सामाजिक संगठनों की बैठक में इसके लिए जन आंदोलन पर रणनीति बनाई गई। मंगलवार को सामाजिक संगठन युवा जागृति मंच एवं नगर उद्योग व्यापार मंडल सहित कई संगठनों की बैठक माताटीला तिराहे पर हुई। जिसमें प्रदेश की सीमा पर बसे ललितपुर के तालबेहट में ट्रेनों के ठहराव न होने पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि कोरोना के बाद तालबेहट में पहले रुकने वाली ट्रेनों तक को बंद करा दिया। जबकि यहां पर्यटन, उद्योग, व्यापार एवं शिक्षा के कारण आए दिन लोग बाहर आते-जाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लखनऊ झांसी इंटरसिटी को ललितपुर तक किया जाए। झांसी-इटारसी भोपाल पैसेंजर को दोबारा शुरू कराने और उत्कल कलिंगा एक्सप्रेस के पुनः ठहराव कराने की मांग की गई। वक्ताओं ने ट्रेनों के ठहराव न होने पर आंदोलन पर विचार किया। बैठक में सुनील त्रिपाठी बाबा, राकेश चौरसिया, आशीष लखेरे, मनोज गुप्ता, संदीप अवस्थी, रंजीत साहू, गौरव व्यास, चिंटू शिवहरे, आशीष पंडा, दिनेश कुशवाहा, रविंद्र गुप्ता और रूपेश श्रीवास आदि मौजूद रहे।

## पहले गुरुजी जानेंगे मोटे अनाज की खूबियां, फिर बच्चों को बताएंगे

ललितपुर। श्रीअन्न को बढ़ावा देने व नौनिहालों में इसकी जानकारी देने के लिए मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के तहत जनपद के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कृषि विभाग इन शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर निपुण बनाएंगे। प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षक स्कूल में बच्चों को इसकी उपयोगिता बताएंगे। साथ ही किसान अभिभावकों को इसके उत्पादन के प्रति जागरूक करेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने इसको लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी है। परिषदीय विद्यालयों में छात्रों को दिए जाने वाले मिडडे मील में सप्ताह में एक दिन मोटा अनाज बनाए जाने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। अब जनपद के शिक्षकों को मोटे अनाज की खूबियों व उपयोगिता कैसे बताई जाएं, इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षित होने वाले शिक्षकों में बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग के करीब सौ-सौ शिक्षक का चयन किया जाएगा। चयनित शिक्षकों को कृषि विभाग की ओर से विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण लेकर निपुण होने वाले शिक्षक स्कूलों में बच्चों को मोटे अनाज की उपयोगिता बताएंगे। इसके साथ वह अभिभावकों को मोटे अनाज के उत्पादन के प्रति जागरूक करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपाल सिंह ने बताया कि श्री अन्न को बढ़ावा देने व बच्चों में इसकी जानकारी देने के लिए मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के तहत शासन के निर्देश पर प्रशिक्षण के लिए शिक्षकों का चयन जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा।

## राजघाट बांध की तलहटी में बनेगा आधुनिक रिसोर्ट

ललितपुर। जनपद में पर्यटन विकास की दृष्टि से राजघाट बांध की तलहटी में पर्यटकों के ठहरने व उनके मनोरंजन से रिसोर्ट तैयार होने जा रहा है। इसका प्रस्ताव निवेशकों की बैठक में प्राप्त हुआ था। सिंचाई विभाग ने इस योजना के तहत लीज पर भूमि पर उपलब्ध कराई है। दो करोड़ की लागत से यह काफी महत्वपूर्ण योजना मानी जा रही है। निवेशक मीट के दौरान जनपद में आए हुए प्रस्ताव अब धरातल पर उतरने लगे हैं। ऐसा ही एक प्रोजेक्ट राजघाट बांध परियोजना के समीप तैयार होने जा रहा है। दो करोड़ की लागत से तैयार होने वाले इस प्रोजेक्ट में सिंचाई विभाग ने भूमि उपलब्ध कराई है। यह नेशनल रिसोर्ट सभी सुविधाओं से युक्त होगा। साथ ही यहां पर ठहरने वाले सैलानियों के लिए राजघाट बांध के जलाशय में जलक्रीड़ा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य पर्यटक क्षेत्रों पर पर्यटकों को पहुंचाने के लिए गाइड व वाहन भी उपलब्ध होंगे। हालांकि अभी इसको तैयार होने में समय जरूर लगेगा, लेकिन तैयार होने के बाद जनपद में सैलानियों के यह सबसे खूबसूरत स्थान होगा। साथ ही बेतवा नदी जिसे बुंदेलखंड की गंगा भी कहा जाता है, उसको करीब देखने का अनुभव लोगों को मिलेगा। बताते चलें कि राजघाट से देवगढ़ तक बेतवा नदी के किनारे कई प्राकृतिक सौंदर्य देखने को मिलता है। प्राचीन रणछोर धाम से लेकर हरे-भरे पहाड़ इस नदी की शोभा को और भी बढ़ाते हैं।

# ई-रिक्शा चालकों ने किया कोतवाली पर हंगामा

वृंदावन (मथुरा)। ई-रिक्शा चालकों ने बृहस्पतिवार शाम कोतवाली पर हंगामा कर दिया। उन्होंने एक पुलिसकर्मी और कोतवाली के पास चाय बेचने वाले पर सीज ई-रिक्शा को कोर्ट के आदेश पर छोड़ने के लिए तीन सौ रुपए सुविधा शुल्क लेने का आरोप लगाया है। इस संबंध में चालकों ने कोतवाली में तहरीर दी है। शाम पांच बजे बड़ी संख्या में ई रिक्शा चालक कोतवाली के पास स्थित चाय के खोखे पर पहुंचे और हंगामा करने लगे। चालकों का कहना था कि कोतवाली में तैनात एक पुलिसकर्मी के कहने पर चाय वाला प्रति ई रिक्शा चालक से 300 रुपए वसूल कर रहा है। इसके बाद ही कोर्ट के आदेश पर ई रिक्शा छोड़े जा रहे हैं। हंगामा होने पर कोतवाली में अफरातफरी मच गई। ई-रिक्शा चालकों की शिकायत पर पुलिस द्वारा चाय विक्रेता से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में इंद्र कुमार जैन, रेखा देवी और अजीत सिंह द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई है। सीओ सदर प्रवीण मलिक का कहना है कि ई रिक्शा छोड़ने के लिए पैसे लेने और चालकों द्वारा हंगामा करने का मामला संज्ञान में आया है। जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बेलहिया नेपाल सीमा में यात्रियों की सहायता के लिए की हेल्प डेस्क की स्थापना

महाराजगंज। विजयादशमी, दिवाली और छठ पर्व को लेकर नेपाल रूपनदेही जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार दोपहर बेलहिया नेपाल सीमा में यात्रियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना की गई।

जिला प्रशासन ने इन पर्वों के दौरान बाहर से लौटने वाले लोगों की संख्या को ध्यान में रखते हुए इसकी शुरुआत की है। बृहस्पतिवार को रूपनदेही जिले के डीएम गणेश अर्याल ने हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि दशहरा पर्व नेपाली लोगों का बड़ा त्योहार है। भारत सहित देश विदेश से काफी संख्या में नेपाली नागरिक अपने-अपने घरों को लौटते हैं। इस दौरान सरहद पर यात्रियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। सिद्धार्थनगर नगर पालिका के प्रमुख इश्तियाक अहमद खान ने कहा कि हेल्प डेस्क नेपाल लौटने वाले लोगों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। चोरी, छिनैती समेत अन्य किसी भी तरह की परेशानी का निराकरण कराएगी। सहायक मुख्य जिला अधिकारी रामचंद्र आर्यल ने कहा कि सहायता कक्षों को जिला सुरक्षा समिति, सुरक्षा एजेंसियों, जिला यातायात पुलिस कार्यालय, परिवहन व्यवसाय की जिम्मेदारियों से अवगत कराना है।

रूपनदेही पुलिस प्रमुख पुलिस अधीक्षक भरत बहादुर विक ने कहा कि सहायता कक्ष की स्थापना जिला प्रशासन कार्यालय, स्थानीय स्तर, नेपाल पुलिस, यातायात पुलिस और अन्य की पहल पर की गई है।

## फर्जी तेल कंपनी में खाद्य विभाग ने मारा छापा, गोदाम सील

महाराजगंज। कोठीभार थानाक्षेत्र के सरदार पटेल नगर सबयां में पुलिस व खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर एक फर्जी तेल मिल का भंडाफोड़ किया। इस मामले में कोई ठोस कागजात उपलब्ध नहीं कर पाने पर गोदाम को सील कर दिया। बरेली जनपद स्थित खंडेलवाल एडिबल ऑयल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा चक्र ट्रेडमार्क नाम से खाद्य तेल बाजार में बिक्री की जाती है। जिससे मिलता हुआ वक्र नामक ब्रांड का खाद्य तेल सरदार पटेल नगर सबयां निवासी मनीष जायसवाल द्वारा काफी दिनों से सिसवा सहित अगल-बगल के क्षेत्रों में बेचा जाता था। इस बात की जानकारी होने पर खंडेलवाल एडिबल ऑयल कंपनी द्वारा इसकी शिकायत कोठीभार थाने सहित जनपद महाराजगंज की खाद्य विभाग को की गई। जिसके बाद खाद्य विभाग व मुकामी थाने की पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सबयां स्थित जायसवाल ऑयल प्रोडक्ट के गोदाम पर पहुंच कर छापा मारा। इस दौरान कंपनी के संचालक मनीष जायसवाल द्वारा कोई ठोस कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाने के बाद गोदाम को सील कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने बताया कि चक्र कंपनी के प्रबंधक स्वतंत्र यादव की तहरीर पर वक्र नाम से तेल बेच रहे फर्जी कंपनी के मालिक मनीष जायसवाल के विरुद्ध ट्रेडमार्क अधिनियम व कॉपीराइट एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। खाद्य विभाग के जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई जाएगी।

# गुस्सैल हाथी नेपाल गए तो सड़क पर दिखे बाघ ने बढ़ाई धड़कन, सड़क पर दिखते ही बंद हो गया था आवागमन

कुशीनगर। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बिहार को जोड़ने वाले बगहां-वाल्मीकि नगर मुख्य पथ पर मदनपुर रेंज के अंतर्गत बुधवार की रात में एक बाघ सड़क पर दिखा। सड़क पर बाघ को देखकर आवागमन बाधित हो गया। जो जहां था अपनी गाड़ी से वहीं ठहर गया। करीब दस मिनट तक बाघ सड़क पर रहा। वीटीआर के जंगल से गुस्सैल हाथी आज नेपाल चले गए। पर, जंगल से निकला एक बाघर बुधवार रात को कुशीनगर को बिहार व नेपाल से जोड़ने वाली सड़क पर दिखा। जिससे इलाकाई लोगों की धड़कनें बढ़ गई है। बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में कुशीनगर से बिहार को जोड़ने वाले बगहां वाल्मीकि नगर मुख्य पथ पर मदनपुर रेंज में एक बाघ दिखने के बाद लोगों ने इस तरफ आना-जाना कम कर दिया है।

इस जंगल में बाघ बहुतायत में पाए जाते हैं, जो अक्सर जंगल से निकलकर आबादी में आ जाते हैं। कुशीनगर को बिहार व नेपाल से जोड़ने वाली सड़क पर रात में बाघ की चहलकदमी दिखी। इससे लोगों में दहशत फैल गई है। यह डर पहले जंगल से निकलकर आबादी में घुसे बाघ द्वारा किए गए हमले का है। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बिहार को जोड़ने वाले बगहां-वाल्मीकि नगर मुख्य पथ पर मदनपुर रेंज के अंतर्गत बुधवार की रात में एक बाघ सड़क पर दिखा। सड़क पर बाघ को देखकर आवागमन बाधित हो गया। जो जहां था अपनी गाड़ी से वहीं ठहर गया। करीब दस मिनट तक बाघ सड़क पर रहा। इस बीच कुछ यात्रियों ने कार व बाइक की रोशनी में मोबाइल से वीडियो भी बना लिया।

**बाघ संरक्षण के लिए बने वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बढ़ी संख्या**

बिहार का वाल्मीकि टाइगर रिजर्व दो प्रमंडलों में बंटा है। नेपाल व कुशीनगर के खड्डा क्षेत्र से सटा यह जंगल लगभग 910 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यहां पर बाघों के संरक्षण के प्रयास के कारण संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2010 में मात्र 8 बाघ थे, जो 2014 मे बढ़कर 23 हुए। वर्ष 2018 में इनकी संख्या 31 हो गई और वर्ष 2022 में 52 तक हो गई है। बाघों की बढ़ती संख्या जहां इको सिस्टम के लिए जरूरी है, वहीं इन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक इस क्षेत्र में पहुंचते है।

**नौ लोगों के हत्यारे बाघ को मार दी गई थी गोली**

बिहार सीमा में पिछले साल अक्तूबर महीने में तीन दिन के अंदर चार लोगों सहित छह माह में नौ लोगों की जाना लेने वाले आदमखोर बाघ को गोली मार दी गई थी। यूपी-बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंक का प्रयास बने इस बाघ को जान से मारने के लिए बाकायदा आदेश जारी किया गया था।

वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के जंगल से निकलकर रिहायशी इलाके में घुसे बाघ ने बलुआ गांव निवासी बविता देवी व उनके बेटे शिवम पर हमला कर दिया था। मां-बेटा सरेह में चारा लाने गए थे। काफी मशक्कत के बाद दोनों का शव बरामद किया जा सका। घटना से एक दिन पहले 7 अक्तूबर को संजय महतो, 5 अक्तूबर को बगड़ी कुमारी, 21 सितंबर को रामप्रसाद उरांव, 12 सितंबर को प्रेमकुमारी देवी, 15 जुलाई को धर्मराज काजी, 20 मई को पार्वती देवी और 14 मई को राजकुमार बैठा की बाघ के हमले में मौत हो गई थी। लगातार हो रही मौत से आक्रोशित ग्रामीण बाघ को मारने की मांग कर रहे थे। इस वजह से वीटीआर के सीएफ नेसामनी ने सीएनटीसीए (नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरटी) से अनुमति मांगी थी। अनुमति मिलने पर लगभग सात शूटरों ने अत्याधुनिक असलहे के साथ पहुंचकर बाघा का शिकार किया था। उसका शव भी बरामद कर लिया गया था।

**दो साल पहले बाघ ने लिया था महिला की जान**

खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मदनपुर सुकरौली निवासी कोइली देवी को शाम पशुओं के लिए चारा काटने सरेह में गई थीं। देर रात तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन की। रात के लगभग आठ बजे कोईली देवी का शव गन्ने के खेत में क्षत विक्षत पड़ा मिला था। शव के पास बाघ के पदचिह्न थे। बाघ ने कोइली को मार डाला था। उस समय भी आदमखोर बाघ से लोग भयभीत हुए थे।

# जंगल से निकलकर गांव में पहुंचा 12 फीट लंबा सांप

खड्डा। 12 फीट का अजगर प्रजाति का सांप जंगल से निकलकर एक गांव में पहुंच गया। यह देख लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर वन विभाग की टीम ने पहुंचकर रेस्क्यू करते हुए उसे जंगल में छोड़ दिया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। सीमा पर स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के जंगल से जंगली जीव जंतु बाहर निकलकर अक्सर रिहायशी इलाके में पहुंचकर लोगों के लिए खतरा बन जा रहे हैं। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के बिसहा गांव में एक विशालकाय अजगर पहुंच गया। उसे देख लोगों में अफरा तफरी मच गई। इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर स्नैक कैचर के साथ पहुंची। इतने बड़े सांप को रेस्क्यू करना आसान नहीं था। लगभग तीन घंटे के प्रयास के बाद उसे काबू में किया जा सका। 12 फीट लंबे अजगर को जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। वाल्मीकि नगर के वन पाल नवीन कुमार ने बताया कि अजगर को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया है।

**तीन महीना पहले निकला था 14 फीट लंबा किंग कोबरा**

बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के जंगल से निकलकर बीते 16 जुलाई को रिहायशी इलाके में 14 फीट लंबे किंग कोबरा दिखा था। इससे लोग दहशत में आ गए थे। अत्यंत जहरीले इस सांप को स्नैक कैचर से वन कर्मचारियों की टीम ने काफी प्रयास के बाद पकड़कर जंगल में छोड़ा था। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से सटे हुए लक्ष्मीपुर रमपुरवा गांव के चंपा माई स्थान के पास भोलाराम के घर में यह किंग कोबरा सांप घुस गया था। इसे देख घर के लोगों ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई थी और वन विभाग को इसकी सूचना दी। वनकर्मियों की टीम ने तकरीबन दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किंग कोबरा का रेस्क्यू किया था।

**किंग कोबरा में होता है 500 मिलीग्राम जहर**

वाल्मीकिनगर रेंजर अवधेश कुमार सिंह ने बताया था कि यह किंग कोबरा की एक विशेष प्रजाति है, जो बेहद खतरनाक होती है। इस कोबरा के पास करीब 500 मिलीग्राम जहर की मात्रा होती है। इनके काटने से एक हाथी की भी मौत हो सकती है। कोबरा भी अन्य सांपों की तरह घोंसले बनाते हैं और उनमें अपने अंडे देते हैं। वे अपने अंडों की रक्षा करते हैं। कोबरा कई दिनों या महीनों तक बिना भोजन के रह सकते हैं। एक बार भरपेट भोजन करने के बाद किंग कोबरा करीब दो साल तक जीवित रह सकता है।

इनका जहर अगर आंखों में चला जाए तो सही इलाज न मिलने से आंखों की रोशनी भी जा सकती है। इनका जहर न्यूरोटॉक्सिक होता है, जो सीधे तंत्रिका तंत्र पर असर करता है। किंग कोबरा के बारे में कहा जाता है कि धामिन, कोबरा व अन्य सांपों को निगल जाता है।

## गुजरात से युवक का पहुंचा शव, घर में मची चीख-पुकार

तमकुहीरोड। अहिरौलीदान निवासी अनिल कुमार सिंह (32) की मंगलवार को करंट लगने से मौत हो गई थी। अनिल एक कंपनी में वेल्डिंग का काम करता था। बृहस्पतिवार शाम को उसका शव गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजनों की चीखपुकार सुनकर लोगों की आंखे नम हो गई। किसी तरह ढांढस बंधाया। इसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। अहिरौलीदान निवासी कलिस्टर सिंह का बेटा अनिल कुमार सिंह गुजरात के अहमदाबाद में एक कंपनी में वेल्डिंग का काम करते थे। बीते 10 अक्तूबर को वे कंपनी में वेल्डिंग का काम कर रहे थे। इसी बीच वे करंट के चपेट में आ गए। कंपनी के लोग उन्हें अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बृहस्पतिवार की शाम करीब चार बजे उनका शव गुजरात से गांव पहुंचा, तो परिवार में चीखपुकार मच गया।

# अलवर पुल के नीचे ट्रोला फंसने से हाईवे पर लगा जाम

मथुरा। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बृहस्पतिवार सुबह दिल्ली से आगरा की ओर जा रहा एक ट्रोला अलवर पुल के नीचे फंस गया। इससे हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद ट्रोला को पुल के नीचे से निकाला और सर्विस रोड से आगरा की ओर रवाना किया। इस दौरान हाइवे पर वाहनों की कई किलोमीटर तक लाइन लग गई। सुबह 7.30 बजे के करीब राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित दिल्ली से आगरा की ओर जा रहा ट्रोला अलवर पुल के नीचे फंस गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रोला पर टैंक रखा हुआ था और उसकी ऊंचाई इतनी थी कि वह पुल के ऊपरी हिस्से से टकरा गया। पहले तो चालक ने किसी तरह पुल के नीचे से ट्रोला को निकालने का प्रयास किया, लेकिन नहीं निकलने पर उसने ट्रोला को बंद कर दिया। कुछ ही देर में हाईवे पर कई किलोमीटर दूर तक वाहनों की लाइन लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने भी ट्रोला को निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आखिर ट्रोला के पहियों में हवा का प्रेशर कम किया, तब जाकर पुल के नीचे से निकला। थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश त्रिपाठी ने बताया कि अलवर पुल की ऊंचाई और ट्रोला में रखे टैंक की ऊंचाई बराबर थी। इस ओर चालक ने ध्यान नहीं दिया और ट्रोला पुल के नीचे फंस गया। टायरों में हवा का प्रेशर कम करने के बाद ट्रोला निकल पाया।

# महराजगंज में दरोगा की हुई थी तस्करों से सांठगांठ, पुलिस जांच में हुआ खुलासा

गोरखपुर। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि चरस के साथ एक दरोगा और उसके साथी को शाहपुर व महराजगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर केस दर्ज कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि रविंद्र लंबे समय से वह चरस की तस्करी में लिप्त है। पहले महराजगंज से करता था, अब गोरखपुर में तैनाती के बाद कर रहा था। महराजगंज में उसके राजदार ने इसकी सूचना पुलिस को दी, इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और आरोपी को उसके साथी के साथ दबोच लिया।

**बरामदगी का हवाला देकर करता था तस्करी**

दरोगा रविंद्र कुमार शुक्ला ने वर्दी को ही तस्करी का हथियार बनाया था। चेकिंग के दौरान रोके जाने पर खुद को दरोगा बताकर बच जाता था। जब कभी तलाशी की नौबत आती थी तो बता देता था कि चरस बरामदगी की है। वर्दी की वजह से कोई गहराई से जांच नहीं करता था और उसका धंधा चल रहा था।

बिहार में शराबबंदी के बाद सीमावर्ती इलाकों में शराब और नेपाल से चरस की तस्करी होती है। वर्ष 2019 में कुशीनगर में तत्कालीन कसया थानेदार की निजी कार से शराब बरामद की गई थी। जांच में सामने आया था कि वह निजी वाहन से पांच पुलिस वालों के साथ शराब की तस्करी करता था। पुलिस ने उस पर कार्रवाई की थी। नेपाल से सटे महराजगंज जनपद के थाने व चौकी के कुछ पुलिस वालों पर भी ऐसा आरोप लगता रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही एसपी महराजगंज डॉ. कौस्तुभ ने एक चौकी के पांच सिपाहियों को इसी आरोप में निलंबित कर दिया था। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि चरस के साथ एक दरोगा और उसके साथी को शाहपुर व महराजगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर केस दर्ज कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## गैंगस्टर एक्ट में पांच वर्ष का सश्रम कारावास

महराजगंज। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र में चोरी के दो-दो मामले में अभियुक्त गुड्डू उर्फ भोलू उर्फ रितेश पासवान को दोषी पाए जाने पर अपर सत्र त्वरित न्यायालय (प्रथम) के न्यायाधीश फूल चंद कुशवाहा ने पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है। 5000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार तत्कालीन वादी मुकदमा सब इंस्पेक्टर कन्हैया पांडेय क्षेत्र में गश्त पर थे। उनको सूचना मिला कि चोरी के मामले का आरोपी गुड्डू उर्फ भोलू उर्फ रितेश पासवान निवासी तालकोयला थाना पीपीगंज, जनपद गोरखपुर का आपराधिक गिरोह है। वह आपराधिक कृत्यों से आय अर्जित कर रहा है। उसके खिलाफ जनता में भय व्याप्त है। कोई भी व्यक्ति गवाही देने के लिए तैयार नहीं है। इस मामले में विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्र प्रकाश पटेल ने गवाहों को पेश कर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व मुकदमे को देखते हुए सजा सुनाई है।

# पहले खेत में ले जाकर पीटा, ससुर ने बांधे थे हाथ, पति ने दबाया गला

महराजगंज। पनियरा थाना क्षेत्र के नरकटहा गांव में संगीता के हत्या की गुत्थी सुलझ चुकी है। पूछताछ में पूछताछ में पता चला है कि संगीता के ससुर ने उसके हाथ बांधे थे और पति ने गला दबाकर मार डाला था। वारदात के पहले पिता पुत्र दोनों ने मिलकर खेत में ही संगीता की बेरहमी से पिटाई की थी। मौका ए वारदात पर शराब की शीशी मिली थी। ससुर को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, पति अब भी फरार है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि बीते सोमवार को पनियरा थाना क्षेत्र के नरकटहा गांव में स्थित डेढ़ किलोमीटर दूर सिवान में सुखनरैना नाले के पास अपने खेत में बेटे ने पिता के साथ मिलकर अपनी पत्नी संगीता की बेरहमी से पिटाई की थी। इसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। ससुर ने बहु के हाथ और पैर को बांधा और बेटा सीने चढ़कर गले को पैर से तब तक दबाए रखा जब तक उसकी मौत नहीं हो गई।

इसके बाद दोनों ने नाले के किनारे मिट्टी खोदकर उसके शव को उसमें दफना दिया। पुलिस ने आरोपी ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो संगीता की मौत की गुत्थी सुलझ गई। उसकी निशानदेही पर बुधवार को पुलिस ने घटनास्थल पर सुखनरैना नाले के पास संगीता के शव को बरामद कर लिया था। पुलिस ने घटनास्थल के पास एक खेत में शराब कुछ शीशी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी ससुर को रामकेवल को मुजुरी तिराहा टेंपो स्टैंड के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**'मेरी बहु के ऊपर देवी देवताओं का साया था'**

-- पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपी ससुर रामकेवल ने बताया कि मेरी बहु संगीता आए दिन मेरे बेटे से झगड़ा करती रहती थी। पति पत्नी में कई बार विवाद हो चुका था। मेरी बहु के ऊपर देवी-देवताओं का साया था। इसकी को लेकर वह मेरे बेटे से झगड़ती रहती थी। हमने बेटे के साथ मिलकर एक योजना बनाई कि अब बहु संगीता की किस्सा खत्म कर दिया जाए। बेटे ने सहमति जताई तो फिर हम दोनों संगीता को झाड़ फूंक और दवाई कराने का हवाला देकर सोमवार रात में घर से बच्चों को बताकर निकले थे। डेढ़ किलोमीटर सिवान ले जाकर अपने खेत में पिटाई की। हाथ पैर बांध दिए और बेटे ने उसके गले को पैर से दबाकर उसकी हत्या कर दी।

**बच्चों ने पूछा, दादा मां कहा है, तो बोला तुम्हारे पापा के साथ आ रही**

--पुलिस को गुमराह करने की नियत से बेटे के साथ घर पर आया। उसके घर पर मौजूद बच्चों ने पूछा, दादा मां कहा है, हमने जवाब दिया तुम्हारे पापा के साथ आ रही है। तब तक कुछ देर बाद मेरा बेटा घर पहुंच गया और उसी दौरान तीनों बच्चों ने अपने पिता से सवाल किया कि मां अब तक घर क्यों नहीं आई। जिस पर उनसे बोला कि हमने तुम्हारी मां को मारकर जमीन में दफना दिया है। इसी दौरान बच्चों ने मां की मौत की खबर सुनकर रोने लगे। जिसके बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। हमने अपने बेटे को बचाने के लिए उसको भगा दिया और पुलिस को झूठी सूचना देकर गुमराह कर दिया।

# नेपाल से सस्ते कॉस्मेटिक सामानों की धड़ल्ले से हो रही तस्करी

## नेपाल से आया कॉस्मेटिक सामान आसानी से मिल जाता

महराजगंज। नेपाल से सस्ता कॉस्मेटिक सामान तस्कर धड़ल्ले से भारत पहुंचा रहे हैं। सीमा शुल्क में चोरी कर तस्कर न सिर्फ कस्टम विभाग को चूना लगा रहे बल्कि अपनी जेब भी भर रहे हैं। लाखों के कॉस्मेटिक का सामान तस्कर आसानी से सरहद पार कर देते हैं। ठेले और साइकिल पर रखकर सीमावर्ती क्षेत्र में फेरी लगाकर बेचते हैं।

दुकानों पर भी आसानी से नेपाल से आया कॉस्मेटिक सामान आसानी से मिल जाता है। सूत्र बताते हैं कि कास्मेटिक सामान नेपाल की ओर से सुंडी घाट, हरदीडाली, रजिया घाट, बैरिहवा, मुड़िला, चंडीथान, खैराघाट, कुरहवा घाट, जोगियाबारी, भगवानपुर, सेवतरी, खनुआ से होकर आता है। प्रत्येक सामान में औसतन 15 से 20 रुपये का मुनाफा होता है। हमेशा प्रयोग होने वाले सामान को ज्यादातर दुकानदार थोड़ा-थोड़ा कर कई बार भारतीय सीमा में लाकर दुकानों पर बेचते हैं। बताया जाता है कि जो क्रीम नेपाल में 30 से 35 रुपये में मिलता है, वह भारतीय क्षेत्र में आने से 50 से 55 रुपये में बिकता है। अन्य सामानों की भी कमोवेश यही स्थिति है। तस्कर जहां बिना सीमा शुल्क जमा किए नेपाल से सामान लाकर भारतीय सीमा में बेच देते हैं। वहीं दुकानदार नेपाली मुद्रा में अंकित मूल्य यहां भारतीय मुद्रा में वसूलते हैं। नेल पॉलिस से लेकर क्रीम, पाउडर, पेस्ट समेत अन्य सामान आसानी से सरहद पार किए जा रहे हैं। यह सामान कभी कभार ही बरामद होता है। सूत्र बताते हैं कि नेपाल से कास्मेटिक सामान लाकर सीमावर्ती क्षेत्र में फेरी वाले बेचते हैं। सस्ते में नेपाल से सामान लाकर आराम से महंगे दाम पर बेचते हैं। सूत्रों की माने तो खुली सीमा होने के कारण नेपाल की सीमा से सटे इलाकों में तस्करी कुटीर उद्योग का रूप ले चुकी है। इसके अलावा यहां नकली सामानों की आसानी से खपत हो जाती है। असली जैसे दिखने वाले तमाम शैंपू, टूथपेस्ट, साबुन, मसाला, पाउडर, सौंदर्य प्रशासन के तमाम ब्रांड के क्रीम यहां उपलब्ध हैं। इनके डिब्बों पर जहां मूल्य तो ब्रांडेड कंपनियों का लिखा होता है, लेकिन अक्सर इनके नकली होने की आशंका बनी रहती है।

**इन रास्तों से आते-जाते हैं तस्कर**

सीमावर्ती क्षेत्र में लगभग एक दर्जन ऐसे रास्ते हैं, जहां से कास्मेटिक सामानों की तस्करी होती है। सामान्य तौर पर दिन में नेपाल के बाजारों से आने वाली महिलाएं होती हैं। यह तस्करों के लिए कैरियर के रूप में काम करती हैं। खरीदारी करने के बाद उसे गंतव्य तक पहुंचा देती हैं। तस्करी के रास्तों में नौतनवां थाना क्षेत्र के संपतिहां, छपवा, सुंडी, खनुवा, हरदी डाली, कैथवलिया, बरगदही, फ़रेनिया, श्याम काट, भगवानपुर और सोनौली का दो नंबर गली है।

**दो माह यह में हुई बरामदगी**

--बीते 17 अगस्त 2023 को सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के बीओपी जोगियाबारी व कोल्हुई पुलिस ने सूचना के आधार पर सोनपिपरी गांव से टूथपेस्ट 46 कार्टून व अन्य कॉस्मेटिक सामान के साथ एक बाइक की बरामदगी की थी। पांच सितंबर को सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के बीओपी चंडीथान के जवानों ने गश्त के दौरान चंडीथान गांव के पास नेपाली शैंपू 1800 पीस, पेस्ट 1008 पीस, और एक बाइक बरामद किया था।

**सात माह पहले भी कास्मेटिक सामान हुआ था बरामद**

सात माह पहले छह मार्च 2023 को कोल्हुई क्षेत्र के जोगियाबारी तिराहे से पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने कास्मेटिक सामान से भरा एक पिकअप पकड़ा था। एक आरोपित को भी गिरफ्तार किया था। पिकअप में पचास पेटी नेपाल निर्मित पाउडर 42 पेटी टूथपेस्ट व 14 पेटी हेयर कलर बरामद हुआ था।

**नेपाली मुद्रा में छपे मूल्य को भारतीय मुद्रा में वसूलते**

फुटकर बाजारों में नेपाल से आया माल आसानी से खप जाता है। इसकी पहचान आसान नहीं होती है। एक ही कंपनी इंडिया और नेपाल दोनों जगहों के लिए प्रोडक्ट तैयार करती हैं। नेपाल में उनके उत्पाद का रेट नेपाली मुद्रा में होता है। यह प्रोडक्ट जब भारत में बिकता है तो उस पर नेपाली रेट लिखा होता है। यह भारत से ज्यादा होता है। ग्राहक रेट देख कर दुकानदारों को पैसा देते हैं। इसमें आसानी से 15 से 20 रुपये का मुनाफा मिल जा रहा है।

सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस निगरानी में जुटी रहती है। तस्करी पर अंकुश लगाने का तेजी से प्रयास किया जा रहा है। सामान बरामद कर कस्टम को सौंप दिया जाता है।

# डीजे की तेज धमक से बढ़ जाती है बच्चों और बुजुर्गों की धड़कनें

महराजगंज। देवी-देवताओं की प्रतिमाओं और जलसा जुलूसों में कुछ उत्साही युवा श्रद्धालु डीजे की तेज आवाज पर नाचते-झूमते और शोर मचाते जाते हैं। विसर्जन स्थलों पर गंदगी फैलाते हैं। लोग पूरी रात शोर-शराबे के चलते नींद भर सो नहीं पाते। डीजे की तेज धमक से बुजुर्गों की धड़कनें बढ़ जाती हैं। लोगों का कहना है कि तेज धमक से बीमार, बुजुर्ग ही नहीं, बच्चों और गर्भवती महिलाओं की भी बेचैनी बढ़ जाती है। गणेश उत्सव तो बीत गया अब दुर्गापूजा-लक्ष्मीपूजा और छठ पर्व को लेकर चिंतित तमाम नागरिकों ने इस समस्या से निपटने को कमर कसी है। शहर के जागरूक लोगों ने इस मसले पर सक्रियता दिखाई है। बृहस्पतिवार को मऊपाकड़ चौराहे पर व्यवसायी रामसेवक साहू, बनारसी मद्धेशिया, मोहन लाल जायसवाल, मुकेश अग्रहरी, राजेश अग्रहरी, गोपाल पटेल ने भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। लोगों को संकल्प दिलाया कि आयोजनों में तेज आवाज में डीजे नहीं बजाएंगे।

प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए ज्यादातर जुलूस सक्सेना चौराहे से होकर गुजरते हैं। नागरिकों का कहना है कि इन्हीं रास्तों से होकर प्रतिमाएं जाती हैं और तेज आवाज में डीजे के बजने से सभी लोग परेशान होते हैं। लोगों ने कहा कि हाईकोर्ट की रोक के बावजूद डीजे बजाने पर रोक नहीं लग पा रही है। डीजे के तेज आवाज से बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बीमार लोगों को परेशानी होती है। डीजे बजाने वाले अति उत्साही कुछ युवक मना करने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

शहर के व्यवसायी रामसेवक साहू ने टीम के साथ मऊपाकड में भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को डीजे की आवाज से होने वाले नुकसान और परेशानियों के बारे में जागरूक किया। बताया कि डीजे की तेज आवाज से बच्चे रोने-चिल्लाने लगते हैं। बुजुर्ग और बीमार लोगों को तेज आवाज परेशानी होती है। रातभर डीजे बजने से लोग सो नहीं पाते हैं। इससे अगला दिन खराब हो जाता है। डीजे की आवाज से सिर दर्द और उल्टी होती है। हृदय रोगियों को खतरा बना रहता है। इसके अलावा लोग अनिद्रा के शिकार बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान लोगों ने कहा कि डीजे की आवाज से जहां परेशानी होती है, वहीं फूहड़ गाने बजाए जाने से लोग भी शर्मसार होते हैं।

## इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध से मानवता पर बढ़ गया है खतरा

ललित गर्ग

सत्तर साल से फलस्तीन के नाम पर जो खून-खराबा हो रहा है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या इन इलाकों में दुश्मनियों को इंसानी रगों में पाला जाता है, ताकि मौका आने पर खून बहाया जा सके? क्या ऐसे इलाकों में युवा जवान ही इसलिए होते हैं कि इंसानियत को शर्मसार कर सकें? रूस और यूक्रेन के बाद अब इजरायल और हमास के बीच धमासान युद्ध के काले बादल विश्व युद्ध की संभावनाओं को बल देते हुए लाखों लोगों के रोने-सिसकने एवं बर्बाद होने का सबब बन रहे हैं। युद्ध की बढ़ती मानसिकता विकसित मानव समाज पर कलंक का टीका है। हमास ने नासमझी दिखाते हुए आतंकी हमला करके सोये शेर को जगा दिया है। आतंकी हमले का पहला राउंड इस मायने में पूरा हुआ माना जा सकता है कि उसे अंजाम देने वाले संगठन हमास ने कहा है कि उसका जो मकसद था वह पूरा हो चुका है और अब वह युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन प्रश्न है कि इजरायल इस हमले पर कैसे शांत रहेगा? उसके यहां हुए महाविनाश एवं व्यापक जनहानि के बाद उसके लिये कथित युद्धविराम प्रस्ताव का कोई अर्थ नहीं है? इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़े शब्दों में कहा कि युद्ध शुरू तो हमास ने किया है, लेकिन खत्म हम करेंगे। दुश्मनों ने अंदाजा भी नहीं लगाया होगा कि उन्हें इसकी कितनी कीमत चुकानी पड़ेगी।'' आज दुनिया से आतंकवाद को खत्म करना प्रमुख प्राथमिकता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में इजरायल के साथ है। भारत युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला चाहता है, लेकिन कोई जबरन हिंसा एवं आतंक को पनपाता है तो उसे नियंत्रित करने के लिये उचित कदम उठाने की होंगे।

हमास के सरगना मोहम्मद डेफ ने इस हमले को महान क्रांति का दिन बताते हुए कहा कि 'हमने इसरायल के विरुद्ध नया सैन्य मिशन शुरू किया है। बस अब बहुत हो गया। अब हम और बर्दाश्त नहीं करेंगे।' इस पर गुस्साए इजरायल ने भी आधिकारिक तौर पर 'हमास' के विरुद्ध युद्ध का ऐलान करके इसे 'आप्रेशन आयरन स्वोर्ड्स' नाम दिया है तथा गाजा पट्टी के इलाके में 17 ठिकानों पर इजरायल वायु सेना के लड़ाकू जैट विमानों द्वारा ताबड़तोड़ हमले किए जा रहे हैं। जहां तक इजरायल की जवाबी कार्रवाई का सवाल है तो इतना तो तय है कि बात यहीं नहीं रुकेगी, जंग का दूसरा राउंड शायद पहले से ज्यादा भीषण एवं महाविनाशक होगा, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि नेतन्याहू सरकार इसे किस तरह से अंजाम देगी। फिलहाल इतना ही कहा जा सकता है कि गाजापट्टी उसके हमलों का निशाना बनेगी। गाजा पट्टी में हमास का प्रभाव जरूर है, लेकिन वहां 23 लाख लोग रह रहे हैं जिनका एक बड़ा हिस्सा हमास की गतिविधियों और योजनाओं से अनजान होगा। ऐसे बेकसूर लोग जितनी बड़ी संख्या में इजरायली कार्रवाई के शिकार होंगे, मानवाधिकार का सवाल उतने बड़े रूप में उभरेगा और फलस्तीनियों के लिए तथाकथित सहानुभूति भी जुट सकती है। विश्व शांति, अमन एवं अहिंसक समाज रचना दुनिया की जरूरत है, लेकिन हमास जैसी आतंकी सोच इसकी सबसे बड़ी बाधा है, इसलिये हमास की जितनी निंदा की जाए कम है। जिस संगठन को बंदूक छोड़कर गाजा पट्टी के विकास में लगना चाहिए, वह संगठन धर्म-अधर्म के रास्ते ताकत सिर्फ इसलिए जुटाता है, ताकि इजरायल के शरीर पर पहले से कहीं गहरा छुरा धंसा सके, मर्माहत आघात कर सके? मोसाद बनाम हमास की लड़ाई मानो एक व्यवसाय बन गई है, विकृत एवं हिंसक मानसिकता का स्थायी घर बन चुकी है। दोनों देशों की सत्ताएं आखिर शांति एवं अमन का सबक क्यों नहीं लेती? स्वयं अपने देश में स्थायी शांति के प्रति गंभीर क्यों नहीं होती है? आज उन्हें स्थायी शांति के उपायों पर जोर देना चाहिए, दुनिया को ऐसे देशों की जरूरत है, जो आतंकमुक्ति को सही दिशा में प्रेरित करें, ताकि पश्चिम एशिया के खूनी दलदल को हमेशा के लिए पाटा जा सके।

अभी लेबनान की तरफ से हिजबुल्ला के कुछ हमले हुए हैं लेकिन लेबनान सरकार उस इलाके में शांति और स्थिरता बने रहने की इच्छा जताने तक सीमित है। ईरान और सऊदी अरब ने भी फलस्तीनियों के हक में शांति कायम करने की कोशिश की बात कही है। अगर बात बढ़ी और प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हमास के लिए समर्थन बढ़ा तो हालात बदतर ही होंगे। दुनिया को लगातार युद्ध, आतंक, अशांति, हिंसा की ओर धकेलने वालों से सवाल पूछना ही होगा कि युद्ध एवं आतंक से हासिल क्या होगा? सबसे पहले धर्मगुरुओं से और उसके बाद राजनीतिक आकाओं से यह समझना होगा कि ऐसी युद्ध एवं आतंक की मानसिकता से किसका भला हो रहा है? निर्दोषों की हत्याएं भला कैसे जायज हैं? अगर ऐसी हत्याएं जायज हैं, तो फिर मजहबों के मानवीय एवं शांतिप्रिय होने का बखान बंद होना चाहिए। बुरा आदमी और बुरा हो जाता है जब वह साधु बनने का स्वांग रचता है। दुनिया में छोटी-छोटी बातों पर लोगों के दिल आहत हो जाते हैं, पर हजारों निर्दोष एवं मासूक बच्चों एवं महिलाओं की मौत से कौन आहत हुआ है? कहां है मानवता? कहां है विश्वशांति का स्वप्न? निश्चित ही हिंसा की धरती पर शांति की पौध नहीं उगायी जा सकती। लगभग सत्तर साल से फलस्तीन के नाम पर जो खून-खराबा हो रहा है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या इन इलाकों में दुश्मनियों को इंसानी रगों में पाला जाता है, ताकि मौका आने पर खून बहाया जा सके? क्या ऐसे इलाकों में युवा जवान ही इसलिए होते हैं कि इंसानियत को शर्मसार कर सकें? कोई ऐसे दाग-धब्बों के साथ अपने देश का इतिहास लिखता है क्या? बड़ा प्रश्न है कि इस व्यापक हिंसा एवं आतंक को रोकने वाला कौन होगा? कोई आतंकी हमास के साथ दिख रहा है, तो कोई इजरायल के लिए लुट-मिट जाने को बेताब है? बात हर तरफ विनाश की है। युद्ध एवं आतंक करने वाले और उनको प्रोत्साहन देने किसी को भी आज तक ऐसा कोई महत्वपूर्ण प्रोत्साहन नहीं मिला, जो उसे गौरवान्वित कर सका हो। जब तक आतंक एवं युद्ध की मानसिकता वाले राष्ट्रों के अहंकार का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में भले ही बन्द हो जाये, दिमागों में बन्द नहीं होती। इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे, आतंक एवं हिंसक मानसिकता पर लगे। मंगल कामना है कि अब मनुष्य यंत्र के बल पर नहीं, भावना, विकास और प्रेम के बल पर जीए और जीते।

इस हिंसक, आतंकी एवं युद्ध के दौर का दुखद पहलू है कि पुतिन का नया रूस भी यूक्रेन को निशाना बनाते हुए बच्चों एवं महिलाओं को नहीं बख्शता है। जहां अपने और पड़ोसी के कल्याण की चिंता होनी चाहिए थी, वहां केवल बदले की भावना हावी है। बर्बरता, क्रूरता, उन्माद एवं जघन्यता बढ़ती जा रही है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उग्रवादी समूह को मलबे में फेंक देने की कसम खाई है। निर्ममता एवं बर्बरता की पराकाष्ठा कर रहे आतंकियों की जगह मलबे में ही है, पर उन मासूम बच्चों, औरतों और आदमियों का क्या दोष, जो कहीं से भी आतंकी नहीं हैं, मगर निशाना बन रहे हैं? क्या मानव सभ्यता में आंतकवाद के खिलाफ कोई भी लड़ाई दोषी और निर्दोष के बीच भेद किये बिना सफल हो सकती है। यह दुनिया की एक बड़ी आबादी को हर समय विनाश की संभावनाओं पर कायम रखने जैसा है।

## 14 अक्टूबर को सर्वपितृ श्राद्ध के साथ समाप्त होगा पितृपक्ष

डा. अनीष व्यास



ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि धर्म ग्रंथों में सर्व पितृ अमावस्या का विशेष महत्व बताया गया है। ये साल आने वाली 12 अमावस्या तिथियों में सबसे खास होती है। इस तिथि पर पितरों के लिए जल दान, श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने से वे पूरी तरह तृप्त हो जाते हैं। आश्विन माह की कृष्ण अमावस्या को सर्व पितृ अमावस्या कहते हैं यह अमावस्या इस बार 14 अक्टूबर को है। इस दिन पितृ पक्ष का समापन होगा। इसे विसर्जनी अमावस्या भी कहते हैं। इसी दिन पितरों का श्राद्ध करके पितृ ऋण को उतारा जा सकता है। अगर किसी को अपने पितर की पुण्य तिथि याद नहीं है तो वह सर्व पितृ अमावस्या के दिन श्राद्ध कर्म कर सकता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर - जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार आश्विन माह कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को सर्व पितृ श्राद्ध तिथि कहा जाता है। इस दिन भूले-बिसरे पितरों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध किया जाता है। कहते हैं कि इस दिन अगर पूरे मन से और विधि-विधान से पितरों की आत्मा की शांति श्राद्ध किया जाए तो न केवल पितरों की आत्मा शांत होती है बल्कि उनके आशीर्वाद से घर-परिवार में भी सुख-शांति बनी रहती है। परिवार के सदस्यों की सेहत अच्छी रहती है और जीवन में चल रही परेशानियों से भी राहत मिलती है।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि धर्म ग्रंथों में सर्व पितृ अमावस्या का विशेष महत्व बताया गया है। ये साल आने वाली 12 अमावस्या तिथियों में सबसे खास होती है। इस तिथि पर पितरों के लिए जल दान, श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने से वे पूरी तरह तृप्त हो जाते हैं। इस दिन सूर्य और चंद्रमा एक ही राशि में होते हैं। ये दोनों ग्रह पितरों से संबंधित हैं। इस तिथि पर पितृ पुनः अपने लोक में चले जाते हैं साथ ही वे अपने वंशजों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

### सर्वपितृ अमावस्या तिथि

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार सर्वपितृ अमावस्या इस बार 14 अक्टूबर को पड़ रही पंचांग के अनुसार आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 13 अक्टूबर रात्रि 09:50 मिनट से शुरू होगी और 14 अक्टूबर मध्य रात्रि 11:24 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। उदया तिथि के अनुसार 14 अक्टूबर को सर्व पितृ अमावस्या मनाई जाएगी। इस दिन श्राद्ध-तर्पण के लिए तीन मुहूर्त बताये गये हैं, जो सुबह 11:44 बजे से दोपहर 3:35 बजे तक रहेंगे। इस अवधि में किसी भी समय पूर्वजों के लिए पूजा, तर्पण, दान आदि किया जा सकता है।

### सूर्य ग्रहण

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि पंचांग के अनुसार आश्विन माह की सर्वपितृ अमावस्या के दिन साल का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण भी लग रहा है। सर्वपितृ अमावस्या पर सूर्य ग्रहण रात 08.34 मिनट से अगले दिन प्रातः 02.25 मिनट तक रहेगा। यह वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा। जो भारत में दिखाई नहीं देगा। इसका सूतक काल भी मान्य नहीं रहेगा।

### अमावस्या पर करें सभी पितरों का श्राद्ध

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि किसी कारणवश आप अपने मृत परिजनों का श्राद्ध उनकी मृत्यु तिथि पर न कर पाएं तो सर्व पितृ अमावस्या पर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध, पिंडदान, तर्पण आदि कर्म कर सकते हैं। यह श्राद्ध पक्ष की अंतिम तिथि होती है। धर्म ग्रंथों के अनुसार इस तिथि का विशेष महत्व बताया गया है। इस बार सर्व पितृ अमावस्या 14 अक्टूबर को है। अगर आपने तिथि के अनुसार पितरों का श्राद्ध किया भी हो तो इस दिन भी श्राद्ध करना चाहिए।

### पृथ्वी लोक से विदा होते हैं पितर

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि आश्विन माह की कृष्ण अमावस्या को श्राद्ध का अंतिम दिन होता है। इस अमावस्या को सर्व पितृ अमावस्या पितृ अमावस्या अथवा महालय अमावस्या भी कहते हैं। सर्वपितृ अमावस्या के दिन पितरों का श्राद्ध और पिंडदान किया जाता है। इस दिन पितृ पृथ्वी लोक से विदा लेते हैं इसलिए इस दिन पितरों का स्मरण करके जल अवश्य देना चाहिए। जिन पितरों की पुण्य तिथि की जानकारी न हो उन सभी पितरों का श्राद्ध सर्व पितृ अमावस्या को करना चाहिए। श्राद्ध के बाद ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए। इससे पितृगण प्रसन्न होते हैं और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### ऐसे करें पितरों को खुश

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि अमावस्या के दिन सुबह में पवित्र नदियों में स्नान करें और फिर सभी ज्ञात और अज्ञात पितरों को स्मरण कर जल अर्पित करें। घर में विशेष व्यंजन बनाएं और इसे पितरों के निमित्त निकाल लें और किसी ऐसे स्थान पर रखें जहां पर कौए पहुंच सके। भोजन का कुछ अंश सबसे पहले गाय फिर कौए और चीटियों के लिए निकाले। इसके बाद पितरों को श्रद्धापूर्वक विधि-विधान से विदा करें और उन्हें स्मरण कर आशिर्वाद की प्रार्थना करें। इस दिन पितरों के निमित्त खीर जरूर बनाएं और सिंदूर से नारियल पर स्वास्तिक बनाकर हनुमान मंदिर में चढ़ाएं।

### महत्व

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि का विशेष महत्व होता है। शास्त्रों में अमावस्या तिथि को पितरों का तर्पण करने का खास होता है। पितृ पक्ष के दौरान आश्विन माह की अमावस्या तिथि को महालया अमावस्या या सर्वपितृ अमावस्या के नाम जाना जाता है। यह पितृपक्ष का आखिरी दिन होता है। इस दिन पितरों को तर्पण देते हुए उन्हें तरह-तरह के पकवान बनाकर उन्हे तृप्ति किया जाता है। परिजनों की सेवा भाव से प्रसन्न होकर पितर देव पृथ्वी पर जीवित अपने परिजनों को आशीर्वाद देते हुए पितरों लोक में प्रस्थान करते हैं।

महालया अमावस्या पर भोजन बनाकर कौए, गाय और कुत्ते को निमित्त देकर ब्राह्मण को भोज करवाते हुए उन्हें दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। सर्वपितृ अमावस्या पर उन पितरों को तर्पण किया जाता है जिनकी मृत्यु की तिथि मालूम न हो या फिर किसी कारण से अपने पूर्वजों का श्राद्ध न कर पाएं तो इस तिथि पर श्राद्ध किया जा सकता है। वहीं इस साल सूर्य ग्रहण रात्रि के समय लग रहा है और श्राद्ध कर्म दोपहर के समय किया जाता है। इसलिए इन कर्मों पर सूर्य ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## Israel से पंगा लेकर फँस गया Hamas, Gaza पूरी तरह तबाह, मस्जिदों के साथ ही इस्लामिक यूनिवर्सिटी भी मलबे में ढेर

नीरज कुमार दुबे

इस बीच, इराक में एक प्रमुख ईरानी समर्थित मिलिशिया के नेता ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका गाजा में हमास और इज़राइल के बीच युद्ध में हस्तक्षेप करता है तो वह जवाबी कार्रवाई में अमेरिकी ठिकानों पर हमला करेगा। इजराइल पर हमला करना हमास को बहुत महंगा पड़ा है क्योंकि शनिवार से अब तक इजराइली रक्षा बलों ने गाजा में लगभग तीन हजार ठिकानों पर हमले किये हैं जिससे यह पूरा इलाका बर्बाद हो चुका है। बताया जा रहा है कि लगभग 1500 के आसपास बहुमंजिला इमारतें जमींदोज हो गयी हैं, हमास के वो वॉर रूम भी उड़ा दिये गये हैं जहां से इजराइल पर आतंकवादी हमला करने की साजिश रची गयी थी। गाजा में हुए इजराइली हमलों में जहां कई मस्जिदें तबाह हो गयी हैं वहीं इस्लामिक यूनिवर्सिटी की इमारत भी मलबे में तब्दील हो गयी है। इस बीच, इजराइल की ओर से आपूर्ति ठप किए जाने के बाद गाजा में बिजली प्राधिकरण ने कहा है कि कुछ घंटों में इकलौते संयंत्र में भी ईंधन समाप्त हो जाएगा, जिसके बाद पूरे गाजा में बिजली आपूर्ति बंद हो जाएगी। इस प्रकार की भी खबरें हैं कि गाजा के अधिकांश हिस्सों पर कब्जा होते ही इजराइल ने इस पूरे इलाके को सैन्य क्षेत्र घोषित करते हुए बिना इजाजत के यहां प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया है। इजराइल ने कहा है कि गाजा में घुसना जोखिम के साथ ही अपराध भी होगा। दूसरी ओर, हमास भी अभी हार मानने के लिए तैयार नहीं है। खबर है कि गाजा पट्टी से दक्षिणी इजरायली शहरों अशदोद और अश्कलोन की ओर रॉकेट दागे गए हैं।

### अमेरिकी हथियार पहुँचे

उधर, अब इस युद्ध में एक नया मोड़ भी आने वाला है क्योंकि हमास के साथ युद्ध में इजराइल को मजबूती प्रदान करने के लिए आधुनिक अमेरिकी हथियारों और उपकरणों की पहली खेप तेल अवीव पहुंच चुकी है। इजराइल के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी वीडियो और तस्वीरों में एक मालवाहक विमान को उतरते हुए देखा जा सकता है जिससे उपकरणों की पहली खेप लाई गयी। इसे संयुक्त अभियान के तहत इजराइल में लाया गया है। रक्षा मंत्रालय के उत्पादन और खरीद निदेशालय, अमेरिकी खरीद मिशन और इजराइल के रक्षा मंत्रालय के तहत अंतरराष्ट्रीय परिवहन इकाई ने इस अभियान में मालवाहक विमान से उपकरण लाने पर नजर रखी जिससे अमेरिका से हथियारों की सीधी आपूर्ति हो सकी।

### आतंकवादियों ने दी धमकी

इस बीच, इराक में एक प्रमुख ईरानी समर्थित मिलिशिया के नेता ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका गाजा में हमास और इज़राइल के बीच युद्ध में हस्तक्षेप करता है तो वह जवाबी कार्रवाई में अमेरिकी ठिकानों पर हमला करेगा। कताइब हिजबुल्लाह मिलिशिया के प्रमुख अहमद अबू हुसैन अल-हमीदावी ने कहा, हमारी मिसाइलें, ड्रोन और विशेष बल अमेरिकी दुश्मन पर कई गुणा ज्यादा हमले करने और इस लड़ाई में हस्तक्षेप करने पर उसके हितों को बाधित करने के लिए तैयार हैं। एक बयान में मिलिशिया ने इजरायली ठिकानों पर मिसाइलें दागने की भी धमकी दी है। अल-हमीदावी ने इराकियों से हमास के सैन्य अभियान के समर्थन में प्रदर्शन करने और चंदा इकट्ठा करने का आह्वान किया है।

### हिजबुल्ला भी लड़ाई में कूदा

इस बीच, यह लड़ाई और फैलती भी जा रही है क्योंकि हमास को लड़ाई में अकेला पड़ता देख लेबनान के आतंकवादी समूह हिजबुल्ला ने भी बम और बंदूकें उठा ली हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, शक्तिशाली सशस्त्र समूह हिजबुल्ला के ताजा रॉकेट हमले के जवाब में बुधवार को इजरायल ने लेबनान के दक्षिणी हिस्से के शहरों पर जोरदार गोलाबारी कर उसे दहला दिया। इज़रायली सेना ने कहा कि उसने बुधवार को इज़रायली शहर अरब अल-अरामशे के पास उसके उत्तरी ठिकानों में से एक को एंटी टैंक फायर से निशाना बनाए जाने के बाद लेबनान पर हमला किया है। इस बीच, दक्षिणी लेबनानी शहर रमीश के निवासियों ने कहा कि इज़रायली गोलाबारी पास में हुई। एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि इजरायली तोपखाने के गोले अरब अल-अरामशे के पार, धायरा के आसपास रॉकेट लॉन्च बिंदु पर हमला कर रहे थे। उन कस्बों में रहने वाले लेबनानियों का कहना है कि हालिया हिंसा ने 2006 की यादें ताजा कर दी हैं, जब ईरान समर्थित हिजबुल्लाह और इज़राइल ने एक महीने तक आक्रामक होकर युद्ध लड़ा था। स्थानीय लेबनानी टेलीविजन स्टेशन अल-जदीद ने धायरा में कुछ घरों और खेत के पास एक जंगली क्षेत्र से निकल रहे सफेद धुएं के गुबार की तस्वीरें प्रसारित कीं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान

दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइल पर हमास का हमला विशुद्ध रूप से दुनिया पर थोपी गई एक बुराई है। हम आपको बता दें कि इस हमले में 14 अमेरिकी नागरिक भी मारे गए हैं। बाइडन ने कहा कि इजराइल को नष्ट करना और यहूदी लोगों को मारना हमास का घोषित उद्देश्य है। बाइडन ने व्हाइट हाउस से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा, ''हमारे जीवन में ऐसे क्षण आते हैं, जब दुनिया पर बुराई थोपी जाती है। इजराइल के लोग इस सप्ताहांत ऐसे ही एक क्षण से गुजरे। यह हमला आतंकवादी संगठन हमास द्वारा किया गया जो ऐसा समूह है जिसका घोषित उद्देश्य यहूदियों को मारना है।''

बाइडन ने कहा, ''इजराइल पर किये गए इस हमले में 1,000 से अधिक नागरिकों को मार डाला गया। सिर्फ हत्या नहीं की गई बल्कि लोगों का कत्लेआम किया गया। इनमें कम से कम 14 अमेरिकी नागरिक मारे गये हैं। उन माता-पिता को मार डाला गया जो अपने बच्चों की रक्षा करने की कोशिश कर रहे थे। शिशुओं के मारे जाने की चौंकाने वाली खबरें हैं। पूरे परिवारों का खात्मा कर दिया गया। शांति का जश्न मनाने वाले एक संगीत समारोह में शामिल युवाओं की हत्या कर दी गई।''

बाइडन ने कहा कि इजराइल में हमास का कृत्य आतंकवाद था जो ''आईएसआईएस के आचरण से मिलता जुलता है।'' इस बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि वह 11-13 अक्टूबर तक इजराइल और जॉर्डन की यात्रा करेंगे, जहां वह वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा, ''मंत्री इजराइल के खिलाफ आतंकवादी हमलों के पीड़ितों के लिए अपनी संवेदना दोहराएंगे और हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करेंगे। वह इजराइल की सरकार और लोगों के साथ अमेरिका की एकजुटता भी दोहराएंगे। वह इजराइल की सुरक्षा को मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा करेंगे और इजराइल के रक्षा के अधिकार के प्रति अमेरिका के अटूट समर्थन को रेखांकित करेंगे।''

### ईरान की भूमिका पर अमेरिका का जवाब

इस बीच, अमेरिका ने तमाम तरह की अटकलों के बीच यह भी कहा है कि इजराइल पर हमास के हाल के आतंकवादी हमले में ईरान की भूमिका के बारे में कोई विशेष सूचना नहीं मिली है लेकिन आतंकवादी समूह की सैन्य शाखा के लिए वित्त पोषण में ''व्यापक तौर'' पर उसकी मिलीभगत है।

## हिंदू समाज के खिलाफ गहरी साजिश है जाति आधारित जनगणना



मृत्युंजय दीक्षित

भविष्य की राजनीति में जातिगत जनगणना की इस रिपोर्ट से सर्वाधिक लाभ भारतीय जनता पार्टी को ही होने वाला है। जातिगत सर्वे के बाद आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन द्वारा जिसकी जितनी संख्या उतनी उसकी हिस्सेदारी का नारा बुलंद किया जा रहा है। बिहार के मुख्यमंत्री व आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के एक संभावित नेता नीतीश कुमार ने आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने के लिए बिहार में कराई गई जातिगत जनगणना की रिपोर्ट दो अक्टूबर को जारी कर दी है। विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान होने के मात्र एक सप्ताह पूर्व जारी की गयी यह रिपोर्ट स्पष्ट संकेत देती है कि यह इन नेताओं का चुनावी स्टंट मात्र है। यह रिपोर्ट तब जारी की गयी जब चारा घोटाले में दोषी घोषित जमानत पर बाहर घूम रहे लालू यादव भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर जहर घोल रहे हैं। पटना में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद संपूर्ण भारत में राजनैतिक नेताओं की ओर से मुखर बयानबाजी प्रारम्भ हो गयी और पूरे देश में जातिगत जनगणना की मांग जोर पकड़ने लगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तत्काल बयान दिया कि जब देश में उनकी सरकार आयेगी तब संपूर्ण भारत में जातिगत जनगणना करायी जायेगी और साथ ही एक नारा भी उछल दिया जिसकी जितनी आबदी उसका उतना हक।

वर्तमान राजनैतिक दौर में भारत के सभी विपक्षी और क्षेत्रीय दल यह सोच रहे हैं कि जातिगत जनगणना व अनुसूचित जाति, जनजति, आदिवासी व वंचित समाज को आरक्षण के नाम पर बरगलाकर भाजपा को हराया जा सकता है या फिर द्रमुक के विचारों के अनुरूप सनातन धर्म का संपूर्ण उन्मूलन संभव है। जातिगत जनगणना और उसके आधार पर हिन्दू मतों का विभाजन कराके सत्ता में आना इनका सपना है। बिहार की जातिगत जनगणना एक ऐसी निकृष्ट पहल है जो सनातन हिन्दू धर्म को कमज़ोर करेगी और समाज को जातीय संघर्ष में झोंक कर विकसित भारत के स्वप्न को चूर चूर कर देगी। जातीय जनगणना के आंकड़े जारी होने के प्रारंभ के एक-दो दनि आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन को ऐसा प्रतीत होने लगा कि वह भाजपा को दबाव में लाने में सफल हो गया है किंतु समय बीतने के साथ-साथ जातिगत जनगणना एक विद्रूप राजनैतिक स्टंट के रूप में ही पहचानी जा रही है। अब यह समाचार भी आ रहे हैं कि नीतीश कुमार ने बिहार व राष्ट्रीय राजनीति में राजनैतिक अस्तित्व को बचाए रखने और अतिपिछड़ों का नायक बनने के लिए यह रिपोर्ट जल्दबाजी में जारी कर दी है। बिहार के कई नेता व विश्लेषक यह दावा कर रहे हैं कि यह जनगणना रिपोर्ट पूरी तरह से फर्जी दावों व आंकड़ों पर आधारित है। बिहार की क्षेत्रीय पार्टी हम के नेता जीतन राम मांझी का बयान आया कि यह रिपोर्ट घर में बैठकर तेयार की गयी है और इसमें आंकड़ों में हेरफेर किया गया है। वहीं पूर्व कानून मंत्री रवि शंकर प्रसाद का कहना है कि उनके घर कोई भी अधिकारी जनगणना के लिए नहीं आया और न ही उनसे हस्ताक्षर करवाये गये। बिहार की कुल जनगणना में 82 प्रतिशत हिंदू आबादी है जबकि मुस्लिम आबादी 17.7 प्रतिशत हो गयी है। यानि बिहार में हिंदू आबादी का प्रतिशत घट गया है जबकि मुस्लिम आबादी का 2.3 प्रतिशत बढ़ा है।

बिहार की जातिगत जनगणना में अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 27.12 प्रतिशत अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत अनारक्षित वर्ग केवल 15.52 प्रतिशत है। बिहार की यह जातिगत जनगणना इतने विरोधाभासों से भरी है कि यह स्वयं स्पष्ट कर रही है कि यह केवल और केवल हिंदू समाज को जाति के नाम पर बांटने का एक सुनियोजित व घृणित षड्यंत्र है। 1931 में भारत को खंड खंड करने की जो साजिश अंग्रेज नहीं कर पाये उस कार्य को पूर्ण करने का पाप अब बिहार के 73 वर्षीय मुख्यमंत्री नीतिश कुमार कर रहे हैं। नीतीश कुमार ने सोचा था कि वह ऐसा करके महानायक बन जायेंगे किंतु अब वही इस जाल में फंसते दिख रहे हैं। जातिगत जनगणना से उठे यक्ष प्रश्न न केवल नीतीश कुमार वरन आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन पर भी भारी पड़ रहे हैं। बिहार की जातिगत जनगणना की रिपोर्ट से पता चल रहा है कि नीतीश पिछड़ों व अतिपिछड़ों के नेता नहीं रह गए हैं और बिहार की राजनीति अब यादव मुस्लिम गठजोड़ की दिशा पकड़ेगी। पूरे प्रकरण में आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन और नीतिश कुमार ने अपने पैरों पर ही कुल्हाड़ी मार ली है और भाजपा को खुलकर हिन्दुत्व की राजनीति करने का निमंत्रण दे दिया है। जातिगत जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद अपने सार्वजनिक कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकेत दे दिया है कि भाजपा आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन द्वारा तैयार जातिगत जनगणना की पिच पर फ्रंट फुट पर खेलेगी। प्रधानमंत्री ने पहले अपना पक्ष रखते हुए कहा कि देश में अगर सबसे बड़ी कोई आबादी है तो वह गरीब की है। गरीब का कल्याण ही मेरा मकसद है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन और कांग्रेस पर प्रश्न करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह क्या सोच रहे होंगे? वह तो कहा करते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है। उसमें भी मुसलमानों का सबसे पहले। कांग्रेस कह रही है कि आबादी के हिसाब से तय होगा कि पहला हक किसका होगा। क्या अल्पसंख्यकों का हक कांग्रेस कम करना चाह रही है? यदि आबादी के हिसाब से ही सब तय होने वाला है तो पहला हक किसका होगा? आबादी किसकी ज्यादा है? कांग्रेस यह स्पष्ट करे। क्या कांग्रेस अल्पसंख्यकों को हटाना चाहती है? तो क्या सबसे अधिक आबादी वाले हिंदू आगे बढ़कर सारे हक ले लें? इसी प्रकार उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक कार्यक्रम में कहा कि विचारों में संकीर्णता नहीं होनी चाहिए। योगी ने कहा कि धर्म एक ही है वह है सनातन धर्म। बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धति हैं। सनातन धर्म मानवता का धर्म है और अगर सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ जाएगा। प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी जी के वक्तव्यों से स्पष्ट है कि अब भारतीय जनता पार्टी व उसकी समस्त सरकार हिन्दुत्व व सनातन धर्म के अनुरूप ही कार्य करने जा रही है। भविष्य की राजनीति में जातिगत जनगणना की इस रिपोर्ट से सर्वाधिक लाभ भारतीय जनता पार्टी को ही होने वाला है। जातिगत सर्वे के बाद आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन द्वारा जिसकी जितनी संख्या उतनी उसकी हिस्सेदारी का नारा बुलंद किया जा रहा है। ये नारा जितना जोर पकड़ेगा सवर्ण व ऐसी जातियां जिनकी आबादी कम होती जा रही हैं, वे सभी अपने आपको असुरक्षित महसूस करेंगी और भाजपा की ओर आएँगी। वहीं पिछड़ी व कमजोर जातियां को लुभाने के लिए लालू यादव, नीतिश कुमार या आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के पास कुछ नहीं रह गया है अतः बिहार का यह पूरा का पूरा कमजोर वर्ग भी अब भाजपा के पास ही जायेगा।

